नवभारत
भोपाल, शनिवार 25 जुलाई, 2026

जख्म देखे बिना ही बता दी हालत गंभीर

खास बातें

- जिला अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था पर उठे सवाल
- मरीजों की समुचित जांच किए बिना मेडिकल कॉलेज रेफर करने के आरोप
- उपचार से पहले ही जिम्मेदारी से बचने की चर्चा

नवभारत न्यूज

विदिशा 24 जुलाई, जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि इमरजेंसी वार्ड में तैनात कुछ चिकित्सक गंभीर रूप से घायल अथवा पीड़ित मरीजों की समुचित जांच किए बिना ही उन्हें मेडिकल कॉलेज या भोपाल रेफर कर देते हैं। इससे मरीजों और उनके परिजनों को तत्काल उपचार मिलने के बजाय दूसरे अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं. लंबे समय से लोगों के बीच यह चर्चा है कि जिला अस्पताल उपचार केंद्र के बजाय धीरे-धीरे रेफर सेंटर बनकर रह गया है.

शुक्रवार दोपहर ऐसा ही एक मामला सामने आया सड़क हादसे में घायल एक महिला को एक ऑटो चालक जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचा. उस समय इमरजेंसी वार्ड में दो चिकित्सक मौजूद थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक परीक्षण या घावों की विस्तार से जांच किए बिना ही उसकी हालत गंभीर बताते हुए मेडिकल कॉलेज भेजने की सलाह दे दी. बताया गया कि चिकित्सक ने कहा कि यदि यहां भर्ती भी कर लिया जाए तो बाद में मेडिकल कॉलेज ही रेफर करना पड़ेगा, इसलिए सीधे वहीं ले जाया जाए. इसके बाद ऑटो चालक घायल महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर रवाना हो गया. पूरी प्रक्रिया करीब दस मिनट में पूरी हो गई.

गंभीर दुर्घटनाओं, हृदय रोग, विषाक्तता या अन्य आपातकालीन मामलों में प्रत्येक मिनट महत्वपूर्ण होता है. ऐसे में प्राथमिक उपचार और आवश्यक जांच के बजाय सीधे रेफर किए जाने से मरीजों का कीमती समय नष्ट होता है. स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि किसी भी मरीज को रेफर करने से पहले उसका प्राथमिक परीक्षण, जीवनरक्षक उपचार और आवश्यक चिकित्सकीय मूल्यांकन किया जाना चाहिए. रेफरल तभी किया जाना चाहिए जब संबंधित उपचार या विशेषज्ञ सुविधा अस्पताल में उपलब्ध न हो.जिला अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार उठ रहे सवालों के बीच आम नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से इमरजेंसी सेवाओं की निष्पक्ष जांच कराने, मरीजों की समुचित जांच सुनिश्चित करने तथा बिना उचित कारण रेफर किए जाने की शिकायतों पर कार्रवाई की मांग की है.लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, ऐसे में जिला अस्पताल से मरीजों को बेहतर और संवेदनशील उपचार मिलने की अपेक्षा स्वाभाविक है.

5 फिट दूर से देखकर बता दिया भर्ती करना पड़ेगा

इसी दौरान एक अन्य मरीज भी इमरजेंसी में पहुंचा और उसने घुटने तथा रीढ़ की हड्डी में तेज दर्द होने की शिकायत की. आरोप है कि चिकित्सक ने कुछ फीट की दूरी से ही मरीज का घुटना देखकर कहा कि यह पुराना दर्द है और दस मिनट में ठीक नहीं होगा. इसके बाद मरीज को भर्ती होने की सलाह देकर औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर दी गई. मरीजों का कहना है कि बिना विस्तृत परीक्षण और आवश्यक जांच के इस तरह राय देना उचित नहीं है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दिन के समय इमरजेंसी में यह स्थिति है तो रात के समय आने वाले मरीजों की परेशानी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है.

नियमानुसार करेंगे कार्यवाही-सीएस

इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ.अनूप वर्मा का कहना है कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है. आपके द्वारा जानकारी दी गयी है.इसके बाद मैं पूरी जानकारी एकत्रित करता हूँ और आगे से इस बात का भी ख्याल रखा जायेगा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की गंभीरता से जांच की जायेगी और जो भी जांच या इलाज में लापरवाही बरतते हैं उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी.

खाद, बीज विक्रय की दुकान पर प्रशासन ने मारा छापा

जांच के दौरान मिली अनियमितता

टीम ने दुकान का स्टॉक किया सील

नवभारत न्यूज

सिरोंज 24 जुलाई, प्रशासन की टीम द्वारा शुक्रवार को कस्बाताल क्षेत्र में स्थित एक कृषि सेवा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के दुकान बंद पाई गई. बाद में सूचना पर आये दुकान संचालक द्वारा दुकान से संबंधित दस्तावेज पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं कराये जाने तथा स्टॉक में अनियमितता मिलने पर प्रशासन की टीम द्वारा दुकान के स्टॉक को सील करने की कार्रवाई की गई.

जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा एसडीएम ओमनारायण बड़कुल के नेतृत्व में नायब तहसीलदार दौजीराम अहिरवार, कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़, उद्यानिकी विभाग के एसएचडीओ शिवम अहिरवार एवं प्रशासनिक अमले के साथ शुक्रवार को ग्राम कस्बाताल स्थित इस्लाम कृषि सेवा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया. कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दुकान बिना सूचना के बंद पाई गई. टीम के बुलाने पर काफी देर बाद प्रोपाइटर मौके पर आये. जिनसे टीम द्वारा दुकान एवं उससे संबंधित दस्तावेज माँगे गये. जो वह पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं करा सके और न ही संतोषजनक जवाब दे सके. साथ ही निरीक्षण के दौरान दुकान स्थित स्टॉक में भिन्नता मिली. साथ ही काफी मात्रा में दवाई, उवर्रक और बीज रिकॉर्ड में दर्ज नहीं थे. तथा नक्शे के बाहर गोपनीय तरीके से अलग अलग तीन कमरों में ताला लगाकर, दवाई, खाद और बीज का अवैध भंडारण किया गया था. जिसे मौके पर पंचनामा बनाकर सील किया गया. दुकान से अलग टीनशेड में अवैध रूप से बीज, कीटनाशक एंव उर्वरक भंडारण मिला. जिसका कोई रिकॉर्ड एवं स्पष्ट जबाब नहीं दे सके. साथ ही संयुक्त टीम द्वारा सभी का भौतिक सत्यापन करने पर एक्सपायरी डेट का टॉनिक विक्रय करते पाया गया. उन्होंने बताया कि टीम द्वारा कार्यवाही जा रही है. साथ ही वरवाई मुख्य मार्ग पर स्थित कीटनाशक व दवा दुकान का संचालन संपूर्ण भाग पर कर रहे थे. बगैर निर्माण अनुमति और डायवर्सन के व्यवसायिक गतिविधि संचालित हो रही थी, जो कि विधि विरुद्ध है. जिसपर संयुक्त अधिकारी दल द्वारा कार्यवाही की गई.

एक नजर में

पंजाबी धर्मशाला में नि:शुल्क शिविर आज

नवभारत न्यूज

विदिशा. श्री गुरुनानक प्रबंध कमेटी एवं लायंस क्लब सनराइज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 26 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक गुरुद्वारा पंजाबी धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा. शिविर का शुभारंभ मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मंजीत सिंह के करकमलों से अरदास के साथ होगा.कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र चावला ने बताया कि पंजाबी समाज हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी रहा है. उन्होंने सभी शहरवासियों से शिविर का लाभ लेने की अपील की. गुरुनानक प्रबंध कमेटी के जसवीर सिंह चावला ने भी अधिक से अधिक लोगों से स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आग्रह किया.विदिशा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि तलरेजा ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहेंगे.

विकास पचौरी फाउंडेशन में हर रविवार नि:शुल्क कपड़ों का वितरण

नवभारत न्यूज

विदिशा. शेरपुरा स्थित विकास पचौरी फाउंडेशन के सेवाघर में प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों को पुराने, लेकिन साफ-सुथरे और उपयोग योग्य कपड़ों का निःशुल्क वितरण किया जाता है.फाउंडेशन द्वारा यह सेवा नियमित रूप से संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को सम्मानपूर्वक पहनने योग्य वस्त्र उपलब्ध कराना है. संस्था ने जरूरतमंद नागरिकों से निर्धारित समय पर सेवाघर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है.फाउंडेशन ने आमजन से भी आग्रह किया है कि वे इस जानकारी को अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें और मानवता के इस प्रयास में सहभागी बनें.

कांग्रेस में संगठनात्मक उपेक्षा को लेकर असंतोष, ब्लॉक अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

- वरिष्ठ नेताओं पर गुटबाजी और संगठन की अनदेखी का आरोप
- जिला पदाधिकारियों के चयन पर भी उठे सवाल

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. कांग्रेस संगठन में समन्वय की कमी और गुटबाजी को लेकर असंतोष खुलकर सामने आया है. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नितिन दुबे ने आरोप लगाया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन जैसे कार्यक्रमों की जानकारी संगठन के पदाधिकारियों को समय पर नहीं देते. उन्होंने कहा कि कई बार कार्यक्रम शुरू होने से महज 15 मिनट पहले फोन कर औपचारिक रूप से बुलाया जाता है, जबकि ब्लॉक अध्यक्ष होने के नाते उन्हें पहले से पूरी रूपरेखा से अवगत कराया जाना चाहिए.

नितिन दुबे ने कहा कि पार्टी में उप ब्लॉक अध्यक्ष जैसा कोई पद नहीं है, फिर भी ऐसे पद सृजित किए जा रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन में गुटबाजी बढ़ रही है और अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनकी जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष को नहीं दी जाती. उन्होंने यह भी कहा कि महिला कांग्रेस और कांग्रेस सेवा दल जैसे प्रकोष्ठ भी सक्रिय नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे संगठन कमजोर हो रहा है.वहीं, अजय सिंह राहुल भैया के नगर आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष जगदीश सुहाने ने भी जिला पदाधिकारियों की सूची पर सवाल उठाए. उन्होंने आरोप लगाया कि सूची में ऐसे लोगों को पद दिए गए हैं, जो पार्टी की बैठकों और आंदोलनों में सक्रिय नहीं रहे. साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष पर पक्षपात का आरोप भी लगाया.

कोचिंग सेंटरों के बाहर अव्यवस्था, सड़क पर खड़े वाहनों से लग रहा जाम

- स्वर्णकार कॉलोनी के कई कोचिंग संस्थानों में पार्किंग नहीं
- छात्रों व राहगीरों को हो रही परेशानी

नवभारत न्यूज

विदिशा. शहर के स्वर्णकार कॉलोनी क्षेत्र में संचालित कई कोचिंग संस्थानों के बाहर पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से प्रतिदिन यातायात प्रभावित हो रहा है. कोचिंग के समय बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं दोपहिया वाहनों से पहुंचते हैं, लेकिन पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वे अपने वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े कर देते हैं. इससे सड़क संकरी हो जाती है और कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है.

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि सुबह और शाम को कोचिंग शुरू होने तथा छुट्टी के समय सबसे अधिक परेशानी होती है. सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण चार पहिया वाहन, स्कूल बसें और पैदल राहगीरों को निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है. कई बार वाहन आमने-सामने आने पर लंबा जाम लग जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है.रहवासियों ने जिला प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि कोचिंग संस्थानों में पार्किंग की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए. साथ ही सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और आम लोगों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिल सके.

सहायक शिक्षक रामलाल पाल को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

विदिशा. तहसील क्षेत्र के प्राथमिक शाला परस-परसौरा में पदस्थ सहायक शिक्षक रामलाल पाल के आकस्मिक निधन पर संकुल केंद्र देवखजूरी में शोकसभा आयोजित की गई. उपस्थित शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की. शोकसभा में प्राचार्य राम सिंह दांगी, जनशिक्षक अतुल शर्मा सहित संकुल क्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे.

मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला व दो मासूम बच्चियों को सुरक्षित पहुंचाया आश्रम

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. नगर में मानसिक रूप से अस्वस्थ एक महिला अपनी दो छोटी बच्चियों के साथ इधर-उधर भटकती हुई मिली. महिला और मासूम बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मानवीय पहल करते हुए उन्हें सुरक्षित आश्रम पहुंचाने की व्यवस्था की.

महादेव एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के प्रयासों से विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री संजय सिलावट, अंकुर तिवारी तथा अन्य समाजसेवियों ने महिला की सहायता के लिए पहल की. वरिष्ठ समाजसेवी निलेश अग्रवाल, विहिप युवा कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता देवू भैया ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया. वहीं मनीष विश्वकर्मा ने अपने वार्ड से एक महिला अटेंडेंट की व्यवस्था कराई, ताकि यात्रा के दौरान महिला और बच्चियों की देखभाल की जा सके.श्याम तिवारी और अक्कू यादव के सहयोग से महिला एवं दोनों बच्चियों को कार के माध्यम से सुरक्षित शिवपुरी स्थित आश्रम के लिए रवाना किया गया. सभी सहयोगकर्ताओं का उद्देश्य था कि दोनों मासूम बच्चियां सुरक्षित वातावरण में रहें और महिला को भी आवश्यक देखभाल एवं संरक्षण मिल सके.इस मानवीय पहल की नगरवासियों ने सराहना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए इस तरह के सामूहिक प्रयास प्रेरणादायक हैं.

साकेत एम.जी.एम. स्कूल में मनाया गया नशा मुक्ति जागरुकता दिवस

- एएसपी मोनिका तिवारी ने छात्र-छात्राओं को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

विदिशा. युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों से बचाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से साकेत एम.जी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी रहीं.

एएसपी मोनिका तिवारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है. उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने मित्रों और परिजनों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया.इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, पालकों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई. सभी ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया.कार्यक्रम में संस्था संचालक एवं साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा तथा संस्था प्राचार्य डॉ. जी.डी. पाटिल उपस्थित रहे. प्रकाश शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से आयोजित ऐसे कार्यक्रम बच्चों के उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. अंत में विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया.

एलपीजी सुरक्षा के लिए प्रशासन की नई पहल

नवभारत न्यूज

विदिशा, घरेलू एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने नई पहल की है. कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) के निर्देश पर जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम से जुड़े गैस वितरण वाहनों में एलपीजी सुरक्षा जागरूकता गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर% का प्रसारण अनिवार्य किया गया है.जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि गैस वितरण के दौरान उपभोक्ताओं को सिलेंडर की सील और वजन की जांच, डिलीवरी के समय सुरक्षा मानकों का पालन तथा गैस रिसाव जैसी आपात स्थितियों में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी इस गीत के माध्यम से दी जाएगी. यह गीत ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन द्वारा तैयार किया गया है.अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गैस वितरण करने वाले सभी वाहनों पर यह गीत बजाया जाएगा.

संघर्ष और संकल्प से चमके सूर्यांश, नीट में 603 अंक और जेईई में 98.54 प्रतिशत अंक हासिल

नवभारत न्यूज

कुरवाई. विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प, मेहनत और पारिवारिक सहयोग के दम पर सूर्यांश साहू ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है. उन्होंने प्रथम प्रयास में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 में 603 अंक प्राप्त कर 99.53 प्रतिशतक हासिल किया, जिससे प्रदेश के प्रतिष्ठित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ. इसके साथ ही संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन) में भी 98.54 प्रतिशतक प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया.सूर्यांश के पिता नंदलाल साहू वर्ष 2018 में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए इंदौर में बस गए थे और कुरवाई व इंदौर के बीच पारिवारिक तथा व्यावसायिक जिम्मेदारियां निभाते रहे. वर्ष 2023 में उनकी माता को मस्तिष्क आघात और पक्षाघात होने से परिवार कठिन दौर से गुजरा, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण समय में भी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई.सूर्यांश की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं. सभी ने विश्वास जताया कि सूर्यांश भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे.

आयोजन

शासकीय आदर्श महाविद्यालय की कार्यशाला के पांचवें दिन गांधी दर्शन, स्वास्थ्य और ग्राम विकास पर हुआ संवाद

व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का उत्थान करने वाला ही सच्चा प्रशासक : डॉ. सुरेश गर्ग

नवभारत न्यूज

विदिशा. शासकीय आदर्श महाविद्यालय में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला प्रशासनिक अधिकारी कैसे बनें के पांचवें दिन गांधी दर्शन, स्वास्थ्य, ग्राम विकास और प्रशासनिक मूल्यों पर प्रेरक संवाद आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि गांधीवादी चिंतक एवं चिकित्सक डॉ. सुरेश गर्ग ने कहा कि सच्चा प्रशासक वही है, जो अपने निर्णयों और कार्यों से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का उत्थान करे.



प्रशासन अधिकार नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का माध्यम है.उन्होंने कहा कि एक सफल प्रशासनिक अधिकारी में संवेदनशीलता, ईमानदारी, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों का होना आवश्यक है. महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और जनसेवा के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित जीवनशैली अपनाने और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को सफलता का आधार बनाने की सलाह दी.संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने गांधी दर्शन, ग्रामीण विकास, प्रशासनिक सेवाओं की चुनौतियों, नैतिक नेतृत्व और स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. गर्ग ने व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समाधान किया.कार्यक्रम का संचालन डॉ. कीर्ति भारद्वाज ने किया तथा आभार डॉ. विजय शाक्य ने व्यक्त किया. अंतिम दिन शनिवार को सहायक संचालक नगरीय प्रशासन अजय गोयल विद्यार्थियों से संवाद करेंगे. कार्यक्रम में अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भगवानदास अहिरवार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.